Rapid Fire करेंट अफेयर्स (20 February)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-february-20

- 19 फरवरी से देश के 16 राज्य और केंद्रशासित प्रदेश एकल आपातकालीन **हेल्पलाइन नंबर '112'** से जुड़ गए हैं। इनमें आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, गुजरात, पुद्दुचेरी, लक्षद्वीप, अंडमान, दादरा नगर हवेली, दमन और दीव और जम्मू-कश्मीर शामिल हैं। इस नंबर पर तत्काल सहायता के लिये मदद मांगी जा सकेगी। इसके तहत इमरजेंसी रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम (ERSS) को शुरू करना, इन्वेस्टिगेशन ट्रैकिंग सिस्टम फॉर सेक्सुअल ऑफेंसेज (आईटीएसएसओ) और सुरक्षित शहर कार्यान्वयन निगरानी पोर्टल भी शामिल हैं। ERSS पुलिस (100), अग्निशमन (101), स्वास्थ्य (108) और महिला (1090) हेल्पलाइन नंबर का एकल नंबर '112' के तौर पर एकीकृत रूप है। आपातकालीन सेवाओं तक पहुँच के लिये फोन से 112 डायल करना होगा आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र पर पैनिक काल के लिये स्मार्टफोन के पावर बटन को दबाना होगा। अगर समान्य फोन है तो '5' या '9' नंबर को कुछ देर के लिये दबाकर आपात संदेश दिया जा सकता है। आपको बता दें कि अमेरिका के '911' की तरह विभिन्न आपातकालीन सेवाओं के लिये एकल नंबर की व्यवस्था को धीरे-धीरे पूरे देश में लागू किया जाना है।
- नई दिल्ली में दो दिवसीय **एक स्वास्थ्य भारत** सम्मेलन का आयोजन हुआ। कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, पशुपालन, डेयरी एवं मछली पालन विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से विज्ञान एवं प्राद्योगिकी मंत्रालय के अधीन जैव-प्रौद्योगिकी विभाग ने इसका आयोजन किया। इस सम्मेलन में भारत की नई एक स्वास्थ्य पहल की शुरुआत की गई। बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, कर्नाटक पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय और अमेरिका की पेनसिल्वेनिया स्टेट यूर्निवसिटी **एक स्वास्थ्य पहल** के साझीदारों के साथ सहयोग कर रहे हैं। इसका उद्देश्य भारत सहित दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया तथा उप-सहारा अफ्रीका के कम और मध्यम आय वर्ग वाले देशों में स्वास्थ्य संबंधी खतरों से निपटने के लिये रणनीति बनाना है। गौरतलब है कि भारत ऐसे भौगोलिक क्षेत्रों में सबसे आगे है, जहाँ पशुजन्य रोग जनस्वास्थ्य के लिये बहुत बड़ा खतरा हैं।
- सरकारी तेल कंपनी इंडियन ऑयल (IOC) ने अमेरिका के साथ पहला **वार्षिक तेल खरीद समझौता** किया है। इस समझौते के तहत लगभग 1.5 अरब डॉलर का 30 लाख टन कच्चा तेल खरीदा जाएगा। IOC पहली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है, जिसने यूएस ओरिजिन क्रूड ऑयल ग्रेड के लिये कोई समझौता किया है। इससे पहले सरकारी रिफाइनरी कंपनियाँ अमेरिका से स्पॉट मार्केट के जरिये कच्चे तेल की खरीदारी कर रही थीं, जो टेंडर के आधार पर होती थी। भारत ने 2017 में पहली बार अमेरिका से टेंडर के आधार पर कच्चा तेल खरीदा था। गौरतलब है कि भारतीय तेल कंपनियाँ अपने बोर्ड की अनुमति के बिना एक निश्चित अवधि या मात्रा में कच्चा तेल खरीदने का समझौता नहीं कर सकतीं।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के पहले **डीज़ल से इलेक्ट्रिक में परिवर्तित लोकोमोटिव** (Twin Locomotive) की शुरुआत की। इस इंजन का निर्माण वाराणसी के डीज़ल रेल इंजन कारखाना में किया गया है। विश्व में पहली बार WAGC 3 श्रेणी के डीज़ल रेल इंजन को इलेक्ट्रिक रेल इंजन में बदलकर मेक इन इंडिया पहल के अंतर्गत स्वदेशी

तकनीक अपनाते हुए यह शुरुआत हुई है। इस इलेक्ट्रिक रेल इंजन का इस्तेमाल मालगाड़ी में किया जाएगा। यह इंजन प्रदूषण मुक्त है और डीज़ल इंजन के मुक़ाबले बेहतर स्पीड और 10 हज़ार हॉर्स पावर की क्षमता (रूपांतरण से इसकी शक्ति में 92 फीसदी इज़ाफा हुआ) देने में सक्षम है। इस डीज़ल इंजन को पर्यावरण अनुकूल इलेक्ट्रिक इंजन में बदलने में कुल 69 दिन का समय लगा।

- हिमाचल प्रदेश विधानसभा ने **संस्कृत को राज्य की दूसरी राजभाषा** बनाने के लिये हिमाचल प्रदेश राजभाषा संशोधन विधेयक, 2019 पारित किया है। इस विधेयक के ज़रिये प्रदेश सरकार ने राजभाषा अधिनियम 1975 में संशोधन किया है। राज्य के सभी स्कूलों में इसे आठवीं कक्षा तक अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाया जाता है। इसके अलावा, राज्य में खुलने वाली मेडिकल यूनिवर्सिटी का नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखने का फैसला भी प्रदेश सरकार ने किया है। आपको बता दें कि उत्तराखंड 2010 में संस्कृत को दूसरी आधिकारिक भाषा का दर्जा देने वाला पहला राज्य था।
- अंडमान और लक्षद्वीप में सी-प्लेन परिचालन के लिये सात द्वीपों की पहचान की गई है। गृहमंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई **द्वीप विकास एजेंसी** (IDA) की पाँचवीं बैठक में यह निर्णय लिया गया। सी-प्लेन के परिचालन के लिये अंडमान में स्वराज द्वीप, शहीद द्वीप, हुटबे द्वीप और लॉन्ग द्वीप को और लक्षद्वीप में कवरत्ती, अगत्ती और मिनिकॉय को चुना गया है। गौरतलब है कि सी-प्लेन प्लेन जमीन-पानी दोनों से उड़ान भर सकता है और इसे पानी और जमीन पर लैंड भी कराया जा सकता है। यह केवल 300 मीटर लंबे रनवे से उड़ान भर सकता है और 300 मीटर की लंबाई वाले जलाशय का इस्तेमाल हवाई-पट्टी के रूप में करना भी संभव है।
- जर्मनी ने परमाणु समझौते को लेकर ईरान को अलग-थलग करने की अमेरिकी उपराष्ट्रपति माइक पेन्स की मांग ठुकरा दी। अमेरिका की ओर से यूरोपीय देशों से अपील की गई थी कि ईरानी परमाणु समझौते से अलग हो जाएँ और ईरान का बहिष्कार करें। जर्मनी के विदेश मंत्री हैको मास ने हाल ही में हुई म्यूनिख सुरक्षा कांफ्रेंस में 2015 के समझौते का बचाव करते हुए कहा कि ब्रिटेन, फ्राँस और यूरोपीय संघ के साथ जर्मनी ने ईरान के साथ परमाणु संधि में बने रहने के रास्ते तलाश लिये हैं। गौरतलब है कि ईरान और विश्व महाशक्तियों के बीच हुई परमाणु संधि से अमेरिका बाहर निकल चुका है। ईरान परमाणु संधि के प्रावधानों के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति हर 90 दिन पर कांग्रेस को यह बताते हैं कि ईरान समझौते का पालन कर रहा है या नहीं।
- बुल्गारिया, मोरक्को और स्पेन दौरे के अंतिम चरण में स्पेन पहुँची भारतीय विदेश मंत्री सुषमा स्वराज को स्पेन सरकार ने **'ग्रांड क्रॉस ऑफ द आर्डर ऑफ सिविल मेरिट'** पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्हें यह पुरस्कार नेपाल में अप्रैल 2015 में आए भयंकर भूकंप में फँसे स्पेन के 71 नागरिकों को 'ऑपरेशन मैत्री' के तहत सुरक्षित निकालने के लिये दिया गया। सुषमा स्वराज ने स्पेन के विदेश मंत्री जोसेप बोरेल से मुलाकात के दौरान द्विपक्षीय मुद्दों पर अहम बातचीत की, जिनमें व्यापार और निवेश से लेकर रक्षा और सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ मुहिम तेज़ करने और संस्कृति व पर्यटन के मुद्दे शामिल थे।
- अमेरिका में न्यूजर्सी के फोर्ड्स सिटी में आयोजित हुई **मिस इंडिया USA 2019** का खिताब न्यूजर्सी की किम कुमारी ने जीत लिया। न्यूयॉर्क की रेणुका जोसफ दूसरे और फ्लोरिडा की आंचल शाह तीसरे स्थान पर रहीं। इंडिया फेस्टिवल कमेटी 1980 से हर साल इस प्रतियोगिता का आयोजन करती है। इस साल इस प्रतियोगिता में 26 अमेरिकी राज्यों से 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- बेंगलुरु के येलाहंका एयर फोर्स स्टेशन में 20 फरवरी से **एयरो इंडिया 2019** की शुरुआत हुई, जो 24 फरवरी तक चलेगा । इस एयर शो में एयरोस्पेस इंडस्ट्री के वैश्विक भागीदारों और बड़े निवेशक हिसा लेते हैं। इस बार एयरो इंडिया का फोकस हल्के स्वदेशी युद्धक विमान 'तेजस' पर है और बहुचर्चित राफेल विमान भी इसमें हिस्सा ले रहा है। इस बार के एयरो इंडिया की टैगलाइन **The Runway to a Billion Opportunities** रखी गई है। हर दो वर्ष में आयोजित होने वाले एयरो इंडिया की शुरुआत 1996 में हुई थी और तब से यह बेंगलुरु में ही आयोजित होता रहा है।
- सर्बिया के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने **लॉरियस विश्व खेल पुरस्कारों में 'वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी'** पुरस्कार जीता। अमेरिकी जिमनास्ट सिमोन बाइल्स को **'वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी'** का पुरस्कार दिया गया। फीफा विश्व कप विजेता फ्रांस को **'वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टीम'** चुना गया। यह दुनिया की पहली राष्ट्रीय फुटबॉल टीम बनी,

जिसे दूसरी बार इस पुरस्कार के लिये चुना गया। जापान की पहली ग्रैंडस्लैम विजेता नाओमी ओसाका को **'ब्रेकथ्रू ऑफ द ईयर'** पुरस्कार के लिये चुना गया। अमेरिकी गोल्फर टाइगर वुड्स को **'वापसी करने वाला वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी'** चुना गया। इससे पहले वह 2000 और 2001 में सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने गए थे। भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट भी इस वर्ग में नामित थीं। भारत के झारखंड के ग्रामीण क्षेत्र में काम करने वाली संस्था 'युवा' को **'लॉरियस स्पोर्ट फॉर गुड'** पुरस्कार के लिये चुना गया। यह संस्था फुटबॉल के ज़रिये वंचित वर्गों से जुड़ी लड़कियों के जीवन में सुधार के लिये काम कर रही है। फुटबॉल मैनेजर आर्सेनी वेंगर को 22 साल तक आर्सेनल के मैनेजर के रूप में फुटबॉल में योगदान के लिये **'लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार'** दिया गया।

- हिंदी साहित्य जगत के प्रखर आलोचक और साहित्यकार **डॉ. नामवर सिंह** का 93 वर्ष की आयु में दिल्ली में निधन हो गया। BHU से हिंदी साहित्य में M.A. और Ph.D. करने के बाद उन्होंने कई वर्षों तक BHU में ही अध्यापन किया तथा उसके बाद सागर एवं जोधपुर विश्वविद्यालय में पढ़ाया और दिल्ली के JNU में आने के बाद वहीं से रिटायर हुए। बकलम खुद, हिंदी के विकास में अपभ्रंश का योगदान, आधुनिक साहित्य की प्रवृत्तियाँ, छायावाद, पृथ्वीराज रासो की भाषा, इतिहास और आलोचना, नई कहानी, कविता के नए प्रतिमान, दूसरी परंपरा की खोज उनकी प्रमुख कृतियाँ हैं। इसके अलावा, उन्होंने 'जनयुग' और 'आलोचना' नामक हिंदी की दो पत्रिकाओं का संपादन भी किया।